13 वर्ष पुराने मामले में तीन आरोपियों को कारावास

श्रावस्ती। 13 वर्ष पुराने एक मामले में न्यायालय ने आरोपियों को तीन तीन वर्ष कारागार व प्रत्येक को 37 हजार जुर्माने की सजा दी है।

इकौना थाने के बनकटा दाखिला मध्यनगर मनोहरापुर में 13 जुलाई 2011 को एक मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें बताया गया था कि तीन आरोपियों ने धारदार से हमला करके मारा पीटा और घायल कर दिया। इसके बाद जातिसूचक गाली देकर जानमाल की धमकी दी। बुधवार को न्यायालय ने आरोपी कामता प्रसाद पुत्र राम खिलावन व मेहीलाल पुत्र दुलारे निवासीगण बनकटा दाखिला मध्यनगर मनोहरापुरा थाना इकौना को वादी को फरसा, लाठी-डण्डे से मारना-पीटना, जाती सूचक गाली देना व जान माल की धमकी देने के अपराध में तीन वर्ष कठोर कारावास और प्रत्येक को 37 हजार रुपए का अर्थदण्ड से दण्डित किया।

हत्या के आरोप में पति को न्यायालय ने किया तलब

श्रावस्ती। मल्हीपुर थाना क्षेत्र के श्रीनगर चमरपुरवा निवासी नीलम देवी पत्नी रंगीलाल ने सितम्बर 2023 को मल्हीपुर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री पूजा देवी को दहेज के लिए मार डाला गया। जिसमें पति अमनदीप, ससुर बच्चा राम, सास दुग्धा देवी ने गर्भावस्था के दौरान मारपीट कर घर से निकाल दिया था। जिसकी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाते समय मौत हो गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शारिब अली ने पति को सात फरवरी को तलब किया है।

151 छात्रों को मिला स्मार्टफोन, खिले चेहरे

संवाद न्यूज एजेंसी

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। विकास क्षेत्र गिलौला के तुलसीपुर स्थिति सत्य नारायण उच्च शिक्षा संस्थान में बुधवार को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद एसपी घनश्याम चौरसिया ने विद्यालय के 151 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान किया। इसे पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे।

इस दौरान एसपी ने कहा कि सरकार छात्रों को तकनीकी ज्ञान देने व उन्हें ऑनलाइन पढ़ाई करने में सहयोग के लिए स्मार्टफोन प्रदान कर रही है। सभी छात्र-छात्राएं इसका फायदा उठाएं। यह फोन सुविधाजनक है, तो जरा सी लापरवाही आपके लिए घातक भी हो सकती है। इसलिए न तो आप अपना निजी डाटा किसी से कदापि न शेयर करें। अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल लॉक रखें, समय समय पर उसका पासवर्ड बदलते रहें। छात्रों को प्रबन्धक डॉ एमएल वर्मा, प्राचार्य डॉ सुनीता सिद्धार्थ ने भी संबोधित किया।

सत्य नारायण उच्च शिक्षा संस्थान में छात्रा को स्मार्ट फोन देते एसपी। संवाद

इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं को मिशन शक्ति, साइबर क्राइम व सड़क सुरक्षा की जानकारी भी दी गई। मौक पर यातायात प्रभारी मो. शमीम, साइबर क्राइम प्रभारी चन्द्रहास मिश्र, शिक्षक सरबजीत वर्मा, विनोद वर्मा, वीरेन्द्र जायसवाल सहित सभी शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।